# गणित

## अध्याय-15: सांख्यिकी




SHIVOM CLASSES 8696608541

## अपकिरण या विक्षेपण (Dispersion)

किसी श्रेणी का सांख्यिकी माध्य उस श्रेणी का प्रतिनिधित्व तो करता है, किन्तु उस श्रेणी की रचना की सही एवं पूर्ण जानकारी नहीं दे पाता है। निम्न उदाहरण इस तथ्य की पुष्टि करते हैं

## उदाहरण

माना कि दो छात्रों को 5 भिन्न-भिन्न विषयों में निम्नलिखित अंक प्राप्त हुए

| विषय | पहला छात्र | दूसरा छात्र |
|---|---|---|
| हिन्दी | 20 | 48 |
| गणित | 55 | 52 |
| अंग्रेजी | 60 | 55 |
| विज्ञान | 50 | 50 |
| संस्कृत | 80 | 60 |

**हल :** पहले छात्र के प्राप्तांकों का समान्तर माध्य

$$= \frac{20 + 55 + 60 + 50 + 80}{5}$$

$$= \frac{265}{5} = 53$$

दूसरे छात्र के प्राप्तांकों का समान्तर माध्य

$$= \frac{48 + 52 + 55 + 50 + 60}{5}$$

$$= \frac{265}{5} = 53$$

दोनों छात्रों के प्राप्तांकों का स.मा. 53 है। इस समानता के आधार पर निष्कर्ष यह निकलता है कि दोनों छात्रों की पाँचों विषयों की उपलब्धि समान है। परन्तु ध्यानपूर्वक देखा जाय तो वास्तव में ऐसा नहीं है। पहले छात्र को हिन्दी में केवल 20 अंक प्राप्त हुए हैं जबकि संस्कृत में 80, दूसरे



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

छात्र के प्राप्तांक, समान्तर माध्य (53) के अपेक्षाकृत बहुत निकट है। अतः ऐसी स्थिति में प्राप्त समान्तर माध्य (53) दूसरे छात्र के प्राप्तांकों को तो सही रूप से प्रतिनिधित्व करता है, परन्तु पहले छात्र के प्राप्तांकों का सही प्रतिनिधित्व नहीं कर पाता है।

## उदाहरण

| श्रेणी A | श्रेणी B | श्रेणी C |
|---|---|---|
| 4 | 0 | 10 |
| 8 | 8 | 9 |
| 10 | 14 | 10 |
| 12 | 18 | 11 |
| 16 | 10 | 10 |
| योग = 50 | 50 | 50 |
| स.मा. $= \frac{50}{5} = 10$ | स.मा. $= \frac{50}{5} = 10$ | स.मा. $= \frac{50}{5} = 10$ |

**हल:** उपर्युक्त तीनों श्रेणियों का समान्तर माध्य एकसमान है, किन्तु यह माध्य, एक ही श्रेणी C का यथार्थ प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि उसके विभिन्न पद माध्य के निकट हैं। श्रेणी A और B के विभिन्न पदों का माध्य से अन्तर अपेक्षाकृत बहुत अधिक है।

**उदाहरण 1.** निम्न उदाहरण पर विचार कीजिए

| श्रेणी A | श्रेणी B | श्रेणी C |
|---|---|---|
| 20 | 40 | 94 |
| 21 | 41 | 95 |
| 22 | 42 | 96 |
| 23 | 43 | 97 |
| 24 | 44 | 98 |
| योग = 110 | 210 | 480 |
| स.मा. $= \frac{110}{5} = 22$ | स.मा. $= \frac{210}{5} = 42$ | स.मा. $= \frac{480}{5} = 96$ |



SHIVOM CLASSES 8696608541

**हल :** इस उदाहरण में श्रेणियों के माध्य भिन्न-भिन्न होने पर भी उनकी रचना समान है क्योंकि माध्य से विभिन्न पदों के विचलन एकसमान हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि किसी बंटन के पूर्ण अध्ययन के लिये माध्यों के साथ-साथ यह भी ज्ञान होना चाहिए कि उसके विभिन्न पद माध्य से कितनी दूरी पर हैं अर्थात् श्रेणी के विभिन्न पद माध्य से कितने बड़े या छोटे हैं। यह गुण विक्षेपण कहलाता है। अतः "वह गुण जो यह बताता है कि पदों के मान माध्यों के परितः कहाँ तक बिखरे हुए हैं, विक्षेपण कहलाता है।"

विक्षेपण का प्रयोग मुख्यतः दो प्रकार से होता है

(1) दी गई श्रेणी के विभिन्न पदों में कितना अन्तर है, ज्ञात करना।

(2) श्रेणी के माध्य से विभिन्न पद मूल्यों की औसत दूरी ज्ञात करना।

अधिकतर प्रयुक्त होने वाले विक्षेपण निम्नलिखित हैं

(1) परिसर (Range),

(2) चतुर्थक विचलन (Quartile Deviation),

(3) माध्य विचलन (Mean Deviation),

(4) मानक विचलन या प्रमाप विचलन (Standard Deviation)।

## माध्य विचलन (Mean Deviation)

यदि किसी माध्य (समान्तर माध्य, माध्यिका) अथवा बहुलक से श्रेणी के प्रत्येक पद का विचलन लिया जाय जो उन्हें बीजीय चिन्हों से रहित धन मानकर उनके निरपेक्ष संख्यात्मक मानों के समान्तर माध्य को माध्य विचलन कहते हैं।

यदि विचलन समान्तर माध्य से लिये जायें तो उपर्युक्त विचलन, समान्तर माध्य से माध्य विचलन कहलाता है और यदि माध्यिका से लिए जायें तो यह माध्यिका से माध्य विचलन कहा जाता

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

माध्य विचलन और माध्य के अनुपात को माध्य विचलन गुणांक (Coefficient of Mean Deviation) कहते हैं। इस प्रकार,

$$\text{माध्यविचलनगुणांक} = \frac{\text{माध्यविचलन}}{\text{प्रयुक्तमाध्य}}$$

## माध्य विचलन ज्ञात करने की विधि (Methods of Finding Mean Deviation)

(1) व्यक्तिगत श्रेणी में,

$$\text{माध्य विचलन} = \frac{\sum|x-M|}{n} = \frac{\sum|d|}{n}$$

जहाँ x = पद-मूल्य, M = माध्य, n = पदों की संख्या, d= पद-मूल्य का माध्य से विचलन है।

यहाँ|x-M| या |d|का आशय यह है किx-M याd का मान धन चिन्ह के साथ लेना है। जैसे-13-4|या |-1| का मान 1 लेंगे न कि-1 तथा ∑ का अर्थ योग (Summation) से है।

नोट-चिन्ह |......... को मापांक (Modulus) कहते हैं। यह

सदैव धनात्मक लिया जाता है।

(2) असतत श्रेणी में,

$$\text{माध्य विचलन} = \frac{\sum|x-M|}{\sum f} = \frac{\sum|d|}{N}$$

जहाँ f = उस पद की बारम्बारता है जिसका विचलन d, माध्य से निकाला गया है तथा N सभी बारम्बारताओं का योगफल है।

(3) सतत श्रेणी में,

$$\text{माध्य विचलन} = \frac{\sum f|x-M|}{\sum f} = \frac{\sum|d|}{N}$$



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

जहाँ x= वर्ग का मध्यमान, f=संगत बारम्बारता, N=∑ f कुल आवृत्ति, M= माध्य, शेष अर्थ पूर्ववत् हैं।

## माध्य विचलन के गुण (Merits of Mean Deviation)

(1) यह सुपरिभाषित होता है।

(2) इसकी गणना सरल है।

(3) यह समस्त पद-मूल्यों पर आधारित है।

(4) इस पर सीमान्त पदों का प्रभाव कम पड़ता है।

(5) यह सभी मानों को उनकी सापेक्ष महत्ता प्रदान करता है।

## माध्य विचलन के दोष (Demerits of Mean Deviation)

(1) प्रत्येक विचलन को धनात्मक मानने के कारण यह गणितीय दृष्टि से अशुद्ध है।

(2) यह किसी भी माध्य से निकाला जा सकता है। अतः अनिश्चित है।

(3) यह बीजगणितीय विवेचन के अनुपयुक्त है।

## माध्य विचलन का उपयोग (Utility of Mean Deviation)

इसका उपयोग आर्थिक, सामाजिक तथा व्यापारिक क्षेत्रों में अधिक होता है। आय व धन के वितरण आदि का अध्ययन माध्य विचलन द्वारा किया जाता है।

## उदाहरण (EXAMPLES)

**उदाहरण 1.** दिये गये आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

4,7,8,9,10, 12, 13, 17.

**हल :** माध्य $= \frac{4+7+8+9+10+12+13+17}{8}$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$\overline{x} = \frac{80}{8} = 10$

| $x$ | $\lvert x-\overline{x} \rvert$ |
|---|---|
| 4 | $\lvert 4-10 \rvert = 6$ |
| 7 | $\lvert 7-10 \rvert = 3$ |
| 8 | $\lvert 8-10 \rvert = 2$ |
| 9 | $\lvert 9-10 \rvert = 1$ |
| 10 | $\lvert 10-10 \rvert = 0$ |
| 12 | $\lvert 12-10 \rvert = 2$ |
| 13 | $\lvert 13-10 \rvert = 3$ |
| 17 | $\lvert 17-10 \rvert = 7$ |
| | $\sum \lvert x-\overline{x} \rvert = 24$ |

माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum(x-\overline{x})}{x}$

$= \frac{24}{8} = 3.$

**उदाहरण 2.** दिये गये आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

38, 70, 48, 40, 42,55, 63, 46, 54, 44.

**हल :** माध्य

$= \frac{x_1 + x_2 + x_3 + x_4 + x_5 + x_6 + x_7 + x_8 + x_9 + x_{10}}{10}$

$= \frac{38 + 70 + 48 + 40 + 42 + 55 + 63 + 46 + 54 + 44}{10}$

$= \frac{500}{10}$

माध्य $\overline{x} = 50$



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| $x$ | $\|x-\bar{x}\|$ |
|---|---|
| 38 | $\|38-50\|=12$ |
| 70 | $\|70-50\|=20$ |
| 48 | $\|48-50\|=2$ |
| 40 | $\|40-50\|=10$ |
| 42 | $\|42-50\|=8$ |
| 55 | $\|55-50\|=5$ |
| 63 | $\|63-50\|=13$ |
| 46 | $\|46-50\|=4$ |
| 54 | $\|54-50\|=4$ |
| 44 | $\|44-50\|=6$ |
| | $\sum\|x-\bar{x}\|=84$ |

माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum(x-\bar{x})}{N}$

$= \frac{84}{10} = 8.4.$

**उदाहरण 3.** दिये गये आँकड़ों के लिए माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए13, 17, 16, 14, 11, 13, 10, 16, 11, 18, 12, 17.

**हल :** दिये गये आँकड़ों को बढ़ते हुए क्रम में रखने पर, 10, 11, 11, 12, 13, 13, 14, 16, 16, 17, 17, 18 प्रेक्षणों की संख्या सम है।

अतः n = 12

माध्यिका $= \frac{\frac{N}{2}\text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{N}{2}+1\right)\text{वाँ प्रेक्षण}}{2}$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$= \frac{\left(\frac{12}{2}\right)\text{वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{12}{2}+1\right)\text{वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{6\text{वाँ प्रेक्षण} + 7\text{वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{13+14}{2} = \frac{27}{2}$$

$\therefore \quad M_d = 13{\cdot}5$

| $x$ | $x - M_d$ |
|---|---|
| 10 | $\lvert 10-13{\cdot}5 \rvert = 3{\cdot}5$ |
| 11 | $\lvert 11-13{\cdot}5 \rvert = 2{\cdot}5$ |
| 11 | $\lvert 11-13{\cdot}5 \rvert = 2{\cdot}5$ |
| 12 | $\lvert 12-13{\cdot}5 \rvert = 1{\cdot}5$ |
| 13 | $\lvert 13-13{\cdot}5 \rvert = 0{\cdot}5$ |
| 13 | $\lvert 13-13{\cdot}5 \rvert = 0{\cdot}5$ |
| 14 | $\lvert 14-13{\cdot}5 \rvert = 0{\cdot}5$ |
| 16 | $\lvert 16-13{\cdot}5 \rvert = 2{\cdot}5$ |
| 16 | $\lvert 16-13{\cdot}5 \rvert = 2{\cdot}5$ |
| 17 | $\lvert 17-13{\cdot}5 \rvert = 3{\cdot}5$ |
| 17 | $\lvert 17-13{\cdot}5 \rvert = 3{\cdot}5$ |
| 18 | $\lvert 18-13{\cdot}5 \rvert = 4{\cdot}5$ |
| | $\Sigma \lvert x - M_d \rvert = 28$ |

माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन

$$= \frac{\Sigma \lvert x - M_d \rvert}{n}$$

$$= \frac{28}{12} = 2{\cdot}33.$$

## मानक विचलन या प्रमाप विचलन या मूल माध्य वर्ग विचलन

## (Standard Deviation or Root Mean Square Deviation)



SHIVOM CLASSES 8696608541

आँकड़ों के किसी समूह के पद-मूल्यों के समान्तर माध्य से विचलन के वर्गों के समान्तर माध्य के धनात्मक वर्गमूल को मानक विचलन कहते हैं। इसे प्रायः ग्रीक अक्षर (सिग्मा) से प्रदर्शित करते हैं।

**मानक विचलन की गणना (Computation of Standard Deviation)**

## (1) प्रत्यक्ष विधि (Direct Method)

**(A) व्यक्तिगत श्रेणी में :**

$$\sigma=\sqrt{\frac{\sum(x-M)^2}{n}}$$

जहाँ x = चर मूल्य, M = समान्तर माध्य, n= चरों की कुल संख्या।

**(B) असतत श्रेणी में :**

$$\sigma=\sqrt{\frac{\sum f(x-M)^2}{\sum f}}$$

जहाँ f = उस पद x की बारम्बारता है, जिसका समान्तर माध्य M से विचलन लिया गया है और $\sum f$ = कुल बारम्बारता। शेष अर्थ पूर्ववत् हैं।

**(C) सतत श्रेणी में:**

$$\sigma=\sqrt{\frac{\sum f(x-M)^2}{\sum f}}$$

जहाँ x = वर्ग-अन्तराल का मध्यमान है, शेष अर्थ पूर्ववत् हैं ।

## (2) लघु विधि (Short Cut Method)

**(A) व्यक्तिगत श्रेणी में:**

$$\sigma=\sqrt{\frac{\sum d^2}{n}-\left(\frac{\sum d}{n}\right)^2}$$

जहाँ d =x-A, चर x का कल्पित स. मा. A से विचलन __ है। शेष अर्थ पूर्ववत् हैं।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

**(B) असतत श्रेणी में :**

$$\sigma = \sqrt{\frac{\sum fd^2}{\sum f} - \left(\frac{\sum fd^2}{\sum f}\right)^2}$$

जहाँ d =x-A, पद-मूल्य x का कल्पित माध्य A से विचलन है तथा उसकी आवृत्ति है और $\sum f$ = कुल बारम्बारता। शेष अर्थ पूर्ववत् हैं।

**(C) सतत श्रेणी में :**

जहाँ d =x-A, जहाँ x वर्ग मध्यमान है तथा शेष अर्थ पूर्ववत् हैं।

## मानक विचलन गुणांक (Coefficient of Standard Deviation)

**मानक विचलन**

$$\text{मानक विचलन गुणांक} = \frac{\text{मानक विचलन}}{\text{समान्तर माध्य}} = \frac{\sigma}{M}$$

## प्रसरण या विचरण (Variance)

$$\text{विचरण} = \sigma^2$$

## विचरण गुणांक (Coefficient of Variation)

$$\text{विचरण गुणांक} = \frac{\sigma}{M} \times 100$$

विचरण गुणांक का उपयोग दो समंक मालाओं की स्थिरता, संगतता, सजातीयता अथवा एकरूपता की तुलना करने में किया जाता है। जिस समंक माला का विचरण गुणांक कम होता है वह अपेक्षाकृत अधिक स्थिर होता है तथा जिस समंक माला का विचरण गुणांक अधिक होता है वह अपेक्षाकृत अधिक अस्थिर होती है।

## मानक विचलन के गुण (Merits ofStandard Deviation)

(1) यह सभी पदों पर आधारित होता है।

(2) यह सुपरिभाषित है।



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(3) इसमें विचलनों का वर्ग लेने के कारण विचलन धनात्मक हो जाते हैं।

अतः यह गणित की दृष्टि से ही पूर्ण तथा शुद्ध होता है और विभिन्न उच्च सांख्यिकीय अध्ययनों में प्रयुक्त होता है।

**उदाहरण 1.** कक्षा 9 के विद्यार्थियों के विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक निम्न सारणी में दिये गये हैं। उनका मानक विचलन ज्ञात कीजिए प्राप्तांक

| प्राप्तांक | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 8 | 12 | 9 | 5 | 7 | 9 |

हल : (A) प्रत्यक्ष विधि से:

स. मा. की गणना

| प्राप्तांक | विद्यार्थियों की संख्या | गुणनफल |
|---|---|---|
| $x$ | $f$ | $fx$ |
| 11 | 8 | 88 |
| 12 | 12 | 144 |
| 13 | 9 | 117 |
| 14 | 5 | 70 |
| 15 | 7 | 105 |
| 16 | 9 | 144 |
| | $\Sigma f = 50$ | $\Sigma fx = 668$ |

$$\therefore \quad \text{स. मा.} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{668}{50} = 13\cdot36.$$

प्रमाप विचलन की गणना

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| प्राप्तांक $x$ | बारम्बारता $f$ | स.मा. से विचलन $d$ | विचलन का वर्ग $d^2$ | गुणनफल $fd^2$ |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 8 | −2·36 | 5·56 | 44·48 |
| 12 | 12 | −1·36 | 1·84 | 22·08 |
| 13 | 9 | −0·36 | 0·13 | 1·17 |
| 14 | 5 | 0·64 | 0·41 | 2·05 |
| 15 | 7 | 1·64 | 2·69 | 18·83 |
| 16 | 9 | 2·64 | 6·97 | 62·73 |
| | $\Sigma f = 50$ | | | $\Sigma fd^2 =$ 151·34 |

$$\therefore \text{प्रमाप विचलन } (\sigma) = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{\Sigma f}} = \sqrt{\frac{151 \cdot 34}{50}}$$

$$= 1 \cdot 739 = 1 \cdot 74 \text{ अंक।}$$

(B) लघु विधि से:

माना कि कल्पित माध्य A = 13.

| प्राप्तांक $x$ | बारम्बारता $f$ | कल्पित माध्य से विचलन $d = x - A$ | विचलन का वर्ग $d^2$ | गुणनफल $fd$ | गुणनफल $fd^2$ |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 8 | −2 | 4 | −16 | 32 |
| 12 | 12 | −1 | 1 | −12 | 12 |
| 13 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | 5 | 1 | 1 | 5 | 5 |
| 15 | 7 | 2 | 4 | 14 | 28 |
| 16 | 9 | 3 | 9 | 27 | 81 |
| | $\Sigma f = 50$ | | | $\Sigma fd = 18$ | $\Sigma fd^2 = 158$ |

$$\therefore \quad \sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{\Sigma f} - \left(\frac{\Sigma fd}{\Sigma f}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{158}{50} - \left(\frac{18}{50}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{158 \times 50 - 324}{50 \times 50}}$$

$$= \sqrt{\frac{7900 - 324}{50 \times 50}} = \frac{\sqrt{7576}}{50}$$

$$= \frac{87 \cdot 04}{50} = 1 \cdot 74$$

**उदाहरण 2.** निम्न बारम्बारता बंटन के लिए मानक विचलन की गणना कीजिए



SHIVOM CLASSES 8696608541

| वर्ग | 0 – 4 | 4 – 8 | 8 – 12 | 12 – 16 |
|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 4 | 8 | 2 | 1 |

**हल :** गणना सारणी निम्न है :

| वर्ग | मध्य-मान $x$ | आवृत्ति $f$ | $fx$ | $(x-\bar{x})$ | $(x-\bar{x})^2$ | $f(x-\bar{x})^2$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 – 4 | 2 | 4 | 8 | –4 | 16 | 64 |
| 4 – 8 | 6 | 8 | 48 | 0 | 0 | 0 |
| 8 – 12 | 10 | 2 | 20 | 4 | 16 | 32 |
| 12 – 16 | 14 | 1 | 14 | 8 | 64 | 64 |
| | | $\Sigma f = 15$ | $\Sigma fx = 90$ | | | $\Sigma f(x-\bar{x})^2 = 160$ |

समान्तर माध्य

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{90}{15} = 6$$

अतः मानक विचलन

$$= \sqrt{\frac{\Sigma f(x-\bar{x})^2}{\Sigma f}}$$

समान्तर माध्य

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{90}{15} = 6$$

अतः मानक विचलन



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$= \sqrt{\frac{\Sigma f(x-\bar{x})^2}{\Sigma f}}$$

$$= \sqrt{\frac{160}{15}} = \sqrt{10{\cdot}67} = 3{\cdot}27.$$

**उदाहरण 3.** निम्नलिखित सारणी से मानक विचलन ज्ञात कीजिए|

| वर्ग | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 3 | 6 | 13 | 10 | 5 |

**हल:**

| वर्ग-अन्तराल | मध्यमान $x$ | आवृत्ति $f$ | $fx$ | $(x-\bar{x})$ | $(x-\bar{x})^2$ | $f(x-\bar{x})^2$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 –10 | 5 | 3 | 15 | –22·2 | 492·84 | 1478·52 |
| 10 –20 | 15 | 6 | 90 | –12·2 | 148·84 | 893·04 |
| 20–30 | 25 | 13 | 325 | –2·2 | 4·84 | 62·92 |
| 30 – 40 | 35 | 10 | 350 | 7·8 | 60·84 | 608·40 |
| 40 – 50 | 45 | 5 | 225 | 17·8 | 316·84 | 1584·20 |
| | | $\Sigma f = 37$ | $\Sigma fx = 1005$ | | | $\Sigma f(x-\bar{x})^2$ 4627·08 |

अब, $\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{1005}{37} = 27{\cdot}2$

$$\therefore \quad \sigma = \sqrt{\frac{\Sigma f(x-\bar{x})^2}{\Sigma f}} = \sqrt{\frac{4627{\cdot}08}{37}}$$

$$= \sqrt{125{\cdot}056} = 11{\cdot}18.$$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

## NCERT SOLUTIONS

## प्रश्नावली 15.1 (पृष्ठ संख्या 380-381)

प्रश्न 1 दिए गए आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष विचलन ज्ञात कीजिए।

4, 7, 8, 9, 10, 12, 13, 17

उत्तर- दिए गए आकड़ो का माध्य,

$$\bar{X} = \frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$$

$$= \frac{\sum X_i}{n} = \frac{4+7+8+9+10+12+13+17}{8} = 10$$

| $x_i$ | $\lvert x_i - \bar{x} \rvert$ |
|---|---|
| 4 | \|4 - 10\| = 6 |
| 7 | \|7 - 10\| = 4 |
| 8 | \|8 - 10\| = 2 |
| 9 | \|9 - 10\| = 1 |
| 10 | \|10 - 10\| = 0 |
| 12 | \|12 - 10\| = 2 |
| 13 | \|13 - 10\| = 3 |
| 17 | \|17 - 10\| = 7 |
| $\sum x_1 = 80$ | $\sum \lvert X_1 - \bar{X} \rvert = 24$ |

$\therefore$ माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum \lvert X_i - \bar{X} \rvert}{n} = \frac{24}{8} = 3$

प्रश्न 2 दिए गए आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष विचलन ज्ञात कीजिए।

38, 70, 48, 40, 42, 55, 63, 46, 54, 44



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर-

दिए गए आकड़ो का माध्य = $\frac{\sum X_1}{n}$

$$\bar{X} = \frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$$

$$= \frac{38 + 70 + 48 + 40 + 42 + 55 + 63 + 46 + 54 + 44}{10} = 50$$

| $X_i$ | $\lvert X_i - \bar{X} \rvert$ |
|---|---|
| 38 | \|38 - 50\| = 12 |
| 70 | \|70 - 50\| = 20 |
| 48 | \|48 - 50\| = 02 |
| 40 | \|40 - 50\| = 10 |
| 42 | \|42 - 50\| = 08 |
| 55 | \|55 - 50\| = 05 |
| 63 | \|63 - 50\| = 13 |
| 46 | \|46 - 50\| = 04 |
| 54 | \|54 - 50\| = 04 |
| 44 | \|44 - 50\| = 06 |
| $\sum X_i = 500$ | $\sum \lvert X_i - \bar{X} \rvert = 84$ |

$\therefore$ माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum \lvert X_i - \bar{X} \rvert}{n} = \frac{84}{10} = 8.4$

प्रश्न 3 दिए गए आँकड़ों के लिए माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

13, 17, 16, 14, 11, 13, 10, 16, 11, 18, 12, 17

उत्तर- दिए गए आकड़े निम्न है, 13, 17, 16, 14, 11, 13, 10, 16, 11, 18, 12, 17 बढते हुए कर्म में व्यवस्तिथ करने पर, 10, 11, 11, 12, 13, 13, 14, 16, 16, 17, 17, 18 प्रेक्षणों की संख्या = 12 (सम)

$$\text{मध्यिका } M_d - \frac{\frac{N}{2} \text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{N}{2}+1\right) \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2} - \frac{\left(\frac{12}{2}\right) \text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{12}{2}+1\right) \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2}$$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$= \dfrac{6 \text{ वाँ प्रेक्षण} + 7 \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2} - \dfrac{13 + 14}{2}$

$\Rightarrow M_d = 13.5$

| $X_i$ | $\lvert X_i - M \rvert$ |
|---|---|
| 10 | \|10 - 13.5\| = 3.5 |
| 11 | \|11 - 13.5\| = 2.5 |
| 11 | \|11 - 13.5\| = 2.5 |
| 12 | \|12 - 13.5\| = 1.5 |
| 13 | \|13 - 13.5\| = 0.5 |
| 13 | \|13 - 13.5\| = 0.5 |
| 14 | \|14 - 13.5\| = 0.5 |
| 16 | \|16 - 13.5\| = 2.5 |
| 16 | \|16 - 13.5\| = 2.5 |
| 17 | \|17 - 13.5\| = 3.5 |
| 17 | \|17 - 13.5\| = 3.5 |
| 18 | \|18 - 13.5\| = 4.5 |
| | $\sum \lvert X_i - M \rvert = 28$ |

प्रश्न 4 दिए गए आँकड़ों के लिए माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

36, 72, 46, 42, 60, 45, 53, 46, 51, 49

उत्तर- दिए हुए आँकड़ों को आरोही क्रम में लिखने पर 36, 42, 45, 46, 46, 49, 51, 53, 60, 72

प्रेक्षणो की संख्या = 10(सम)

$$\text{मध्यिका } M_d = \frac{\frac{N}{2} \text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{N}{2}+1\right) \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{\left(\frac{10}{2}\right) \text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{10}{2}+1\right) \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{5 \text{ वाँ प्रेक्षण} + 6 \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2} - \frac{46 + 49}{2}$$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| $X_i$ | $\|X_i - M\|$ |
|---|---|
| 36 | \|36 - 47.5\| = 11.5 |
| 42 | \|42 - 47.5\| = 5.5 |
| 45 | \|45 - 47.5\| = 2.5 |
| 46 | \|46 - 47.5\| = 1.5 |
| 46 | \|46 - 47.5\| = 1.5 |
| 49 | \|49 - 47.5\| = 1.5 |
| 51 | \|51 - 47.5\| = 3.5 |
| 53 | \|53 - 47.5\| = 5.5 |
| 60 | \|60 - 47.5\| = 12.5 |
| 72 | \|72 - 47.5\| = 24.5 |
| | $\sum \|X_i - M\| = 70$ |

$\therefore$ माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum |X_i - M_d|}{n} = \frac{70}{10} = 7$

प्रश्न 5 आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| $x_i$ | 5 | 10 | 15 | 20 | 25 |
|---|---|---|---|---|---|
| $f_i$ | 7 | 4 | 6 | 3 | 5 |

उत्तर-

| $x_i$ | $f_i$ | $f_i x_i$ | $\|x_i - \bar{x}\|$ | $f_i \|x_i - \bar{x}\|$ |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 35 | \|5 - 14\| = 9 | 63 |
| 10 | 4 | 40 | \|10 - 14\| = 4 | 16 |
| 15 | 6 | 90 | \|15 - 14\| = 1 | 06 |
| 20 | 3 | 60 | \|20 - 14\| = 6 | 18 |
| 25 | 5 | 125 | \|25 - 14\| = 11 | 55 |
| | $\sum f_i = 25$ | $\sum f_i x_i = 350$ | | $\sum f_i \|x_i - \bar{x}\| = 158$ |

$$\bar{x} = \frac{\sum f_i x_i}{\sum f_i} = \frac{350}{25} = 14$$

$\therefore$ माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum f_i |x_i - \bar{x}|}{\sum f_i} = \frac{158}{25} = 6.32$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 6 आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| $x_i$ | 10 | 30 | 50 | 70 | 90 |
|---|---|---|---|---|---|
| $f_i$ | 4 | 24 | 25 | 16 | 8 |

उत्तर-

| $x_i$ | $f_i$ | $f_i x_i$ | $\lvert x_i - \bar{x}\rvert$ | $f_i\lvert x_i - \bar{x}\rvert$ |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 4 | 40 | \|10 - 50\| = 40 | 160 |
| 30 | 24 | 720 | \|30 - 50\| = 20 | 480 |
| 50 | 28 | 1400 | \|50 - 50\| = 00 | 000 |
| 70 | 16 | 1120 | \|70 - 50\| = 20 | 320 |
| 90 | 8 | 720 | \|90 - 50\| = 40 | 320 |
| | $\sum f_i = 80$ | $\sum f_i x_i = 4000$ | | $\sum f_i\lvert x_i - \bar{x}\rvert = 1280$ |

$$\bar{x} = \frac{\sum f_i x_i}{\sum f_i} = \frac{4000}{80} = 50$$

$$\therefore \text{माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन} = \frac{\sum f_i|x_i - \bar{x}|}{\sum f_i} = \frac{1280}{80} = 16$$

प्रश्न 7 दिए गए आँकड़ों के लिए माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| $x_i$ | 5 | 7 | 9 | 10 | 12 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $f_i$ | 8 | 6 | 2 | 2 | 2 | 6 |

उत्तर-

| $x_i$ | $f_i$ | CF | $\lvert x_i - M\rvert$ | $f_i\lvert x_i - = M_d\rvert$ |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 8 | \|5 - 7\| = 2 | 16 |
| 7 | 6 | 14 | \|7 - 7\| = 0 | 00 |
| 9 | 2 | 16 | \|9 - 7\| = 2 | 04 |
| 10 | 2 | 18 | \|10 - 7\| = 3 | 06 |
| 12 | 2 | 20 | \|12 - 7\| = 5 | 10 |
| 15 | 6 | 26 | \|15 - 7\| = 8 | 48 |
| | $\sum f_i = 26$ | | | $\sum f_i\lvert x_i - M_d\rvert = 84$ |

$$N = \sum f_i = 26$$



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$\text{मध्यिका } M_d = \frac{\frac{N}{2} \text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{N}{2}+1\right) \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{\left(\frac{26}{2}\right) \text{ वाँ प्रेक्षण} + \left(\frac{26}{2}+1\right) \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{13 \text{ वाँ प्रेक्षण} + 14 \text{ वाँ प्रेक्षण}}{2}$$

$$= \frac{7+7}{2} = \frac{14}{2} = 7$$

$$\therefore \text{ माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन} = \frac{\sum f_i |x_i - M_d|}{\sum f_i} = \frac{84}{26} = 3.23$$

प्रश्न 8 दिए गए आँकड़ों के लिए माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| $x_i$ | 15 | 21 | 27 | 30 | 35 |
|---|---|---|---|---|---|
| $f_i$ | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |

उत्तर-

| $x_i$ | $f_i$ | CF | $\|x_i - M\|$ | $f_i \|x_i - M_d\|$ |
|---|---|---|---|---|
| 15 | 3 | 3 | \|15 - 30\| = 15 | 45 |
| 21 | 5 | 8 | \|21 - 30\| = 9 | 45 |
| 27 | 6 | 14 | \|27 - 30\| = 3 | 18 |
| 30 | 7 | 21 | \|30 - 30\| = 0 | 0 |
| 35 | 8 | 29 | \|35 - 30\| = 5 | 40 |
| | $\sum f_i = 29$ | | | $\sum f_i \|x_i - M_d\| = 148$ |

$$N = \sum f_i = 29$$

$$\therefore \text{ माध्यिका } M_d = \left(\frac{N+1}{2}\right) \text{ वा प्रेक्षण } \left(\frac{29+1}{2}\right) \text{ वा मान = 15 वा}$$

$$\Rightarrow M = 30$$

$$\therefore \text{ माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन} = \frac{\sum f_i |x_i - M_d|}{\sum f_i} = \frac{148}{29} = 5.1$$



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नो के आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| आय प्रतिदिन | व्यक्तियों की सख्या |
|---|---|
| 0-100 | 4 |
| 100-200 | 8 |
| 200-300 | 9 |
| 300-400 | 10 |
| 400-500 | 7 |
| 500-600 | 5 |
| 600-700 | 4 |
| 700-800 | 3 |

उत्तर-

| वर्ग | $f_i$ | मध्यमान $(x_i)$ | $d_i = \frac{x_i - A}{h}$ $A = 350, h = 100$ | $f_i d_i$ | $\lvert x_i - \bar{x} \rvert$ | $f_i \lvert x_i - \bar{x} \rvert$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0-100 | 4 | 50 | -3 | -12 | 308 | 1232 |
| 100-200 | 8 | 150 | -2 | -16 | 208 | 1664 |
| 200-300 | 9 | 250 | -1 | -9 | 108 | 972 |
| 300-400 | 10 | 350 | 0 | 0 | 8 | 80 |
| 400-500 | 7 | 450 | 1 | 7 | 92 | 644 |
| 500-600 | 5 | 550 | 2 | 10 | 192 | 960 |
| 600-700 | 4 | 650 | 3 | 12 | 292 | 1168 |
| 700-800 | 3 | 750 | 4 | 12 | 392 | 1176 |
| | $\sum f_i = 50$ | | | $\sum f_i d_i = 4$ | | $\sum f_i \lvert x_i - \bar{x} \rvert = 7896$ |

माध्य $\bar{x} = A + \frac{\sum f_i d_i}{\sum f_i} \times h = 350 + \frac{4}{50} \times 100 = 350 + 8$

$\Rightarrow \bar{x} = 358$

$\therefore$ माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum f_i \lvert x_i - \bar{x} \rvert}{\sum f_i} = \frac{7896}{50} = 157.92$

प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नो के आँकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| उचाई (सेमी में) | लड़को की संख्या |
|---|---|



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| | |
|---|---|
| 95-105 | 9 |
| 105-115 | 13 |
| 115-125 | 26 |
| 125-135 | 30 |
| 135-145 | 12 |
| 145-155 | 10 |

उत्तर-

| वर्ग | $f_i$ | मध्यमान | $d_i = \frac{x_i - A}{h}$ $A = 130, h = 10$ | $f_i d_i$ | $\lvert x_i - \bar{x}\rvert$ | $f_i \lvert x_i - \bar{x}\rvert$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 95-105 | 9 | 100 | -3 | -27 | 25.3 | 227.7 |
| 105-115 | 13 | 110 | -2 | -26 | 15.3 | 198.9 |
| 115-125 | 26 | 120 | -1 | -26 | 5.3 | 137.8 |
| 125-135 | 30 | 130 | 0 | 0 | 4.7 | 141.0 |
| 135-145 | 12 | 140 | 1 | 12 | 14.7 | 176.4 |
| 145-155 | 10 | 150 | 2 | 20 | 24.7 | 247.0 |
| | $\sum f_i = 100$ | | | $\sum fd_i = -47$ | | $\sum f_i \lvert x_i - \bar{x}\rvert = 1128.8$ |

मध्य $\bar{x} = A + \frac{\sum f_i d_i}{\sum f_i} \times h = 130 + \frac{(-47)}{100} \times 10$

$= 130 - 4.7$

$= 125.3$

मध्य के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum f_i \lvert x_i - \bar{x}\rvert}{\sum f_i} = \frac{1128.8}{100} = 11.288$

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नो के आँकड़ों के लिए माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

| अंक | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लड़कियों की संख्या | 6 | 8 | 14 | 16 | 4 | 2 |

उत्तर-



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| वर्ग | $f_i$ | CF | मध्यमान | $\lvert x_i - M_d \rvert$ | $f_i \lvert x_i - M_d \rvert$ |
|---|---|---|---|---|---|
| 0-10 | 6 | 6 | 5 | \|5 - 27.86\| = 22.86 | 137.16 |
| 10-20 | 8 | (14)C | 15 | \|15 - 27.86\| = 12.86 | 102.88 |
| (20-30) | (14) | 28 | 25 | \|25 - 27.86\| = 2.86 | 40.04 |
| 30-40 | 16 | 44 | 35 | \|35 - 27.86\| = 7.14 | 114.24 |
| 40-50 | 4 | 48 | 45 | \|45 - 27.86\| = 17.14 | 68.56 |
| 50-60 | 2 | 50 | 55 | \|55 - 27.86\| = 27.14 | 54.28 |
| | $\sum f_i = 50$ | | | | $\sum f_i \lvert x_i - \bar{x} \rvert = 517.16$ |

$$\frac{N}{2} = \frac{50}{2} = 25$$

$$\Rightarrow C = 14, f = 14, l = 20, h = 10$$

माध्यिका $M_d = l + \frac{\frac{N}{2} - C}{f} \times h = 20 + \frac{25-14}{14} \times 10 = 20 + \frac{11 \times 10}{14}$

$$= 20 + 7.86 = 27.86$$

$\therefore$ माध्यिका के सापेक्ष माध्य विचलन $= \frac{\sum f_i \lvert x_i - M_d \rvert}{\sum f_i} = \frac{517.16}{50} = 10.34$

प्रश्न 12 नीचे दिए गए 100 व्यक्तियों की आयु के बंटन की माध्यिका आयु के सापेक्ष माध्य विचलन की गणना कीजिए।

| आयु | 16-20 | 21-25 | 26-30 | 31-35 | 36-40 | 41-45 | 46-50 | 51-55 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | 5 | 6 | 12 | 14 | 26 | 12 | 16 | 9 |

उत्तर-

| वर्ग | $f_i$ | CF | मध्यमान $x_i$ | $\lvert x_i - M_d \rvert$ | $f_i \lvert x_i - M_d \rvert$ |
|---|---|---|---|---|---|
| 15.5-20.5 | 5 | 5 | 18 | \|18-38\| = 20 | 100 |
| 20.5-25.5 | 6 | 11 | 23 | \|23-38\| = 15 | 90 |
| 25.5-30.5 | 12 | 23 | 28 | \|28-38\| = 10 | 120 |
| 30.5-35.5 | 14 | 37 | 33 | \|33-38\| = 5 | 70 |
| 35.5-40.5 | 26 | 63 | 38 | \|38-38\| = 0 | 0 |
| 40.5-45.5 | 12 | 75 | 43 | \|43-38\| = 5 | 60 |
| 45.5-50.5 | 16 | 91 | 48 | \|48-38\| = 10 | 160 |
| 50.5-55.5 | 9 | 100 | 53 | \|53 - 38\| = 15 | 135 |
| | $\sum f_i = 100$ | | | | $\sum f_i \lvert x_i - \bar{x} \rvert = 735$ |

## प्रश्नावली 15.2 (पृष्ठ संख्या 392-393)



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नो में दिय गए आँकड़ों के लिए माध्य व प्रसरण ज्ञात कीजिए।

6, 7, 10, 12, 13, 4, 8, 12

उत्तर-

| $x_i$ | $x_1^2$ |
|---|---|
| 6 | 36 |
| 7 | 10 |
| 10 | 100 |
| 12 | 144 |
| 13 | 169 |
| 4 | 16 |
| 8 | 64 |
| 12 | 144 |
| $\sum x_i = 72$ | $\sum x_2^1 = 722$ |

$$\text{माध्य} = \frac{\sum x_i}{n} = \frac{72}{8} = 9$$

$$\text{प्रसरण} = \frac{\sum x_1^2}{n} - \left(\frac{\sum x_i}{n}\right)^2 = \frac{722}{8} - \left(\frac{72}{8}\right)^2$$

$$= 90.25 - 81 = 9.25$$

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्न में दिय गए आँकड़ों के लिए माध्य व प्रसरण ज्ञात कीजिए।

प्रथम n प्राकृत सख्याए

उत्तर-



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| $x_i$ | $x_1^2$ |
|---|---|
| 1 | $1^2$ |
| 2 | $2^2$ |
| 3 | $3^2$ |
| 4 | $4^2$ |
| : | : |
| : | : |
| : | : |
| n | $n^2$ |
| $\sum x_i = \frac{n(n+1)}{2}$ | $\sum x_1^2 = \frac{n(n+1)(2n+1)}{6}$ |

$$\text{माध्य} = \frac{\sum x_i}{n}$$

$$\therefore \bar{x} = \frac{n(n+1)}{2n} = \frac{n+1}{2}$$

$$\text{प्रसरण} = \frac{\sum x_1^2}{n} - \left(\frac{\sum x_i}{n}\right)^2 = \frac{n(n+1)(2n+1)}{6n} - \left[\frac{n(n+1)}{2n}\right]^2$$

$$= \frac{(n+1)(2n+1)}{6} - \frac{(n+1)^2}{4} = \frac{(n+1)}{2} - \left(\frac{2n+1}{3} - \frac{n+1}{2n}\right)$$

$$= \frac{(n+1)}{2}\left(\frac{4n+2-3n-3}{6}\right) = \left(\frac{n+1}{2}\right)\left(\frac{n-1}{6}\right) = \frac{n^2-1}{12}$$

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्न में दिय गए आँकड़ों के लिए माध्य व प्रसरण ज्ञात कीजिए।

तीन के प्रथम 10 गुणज।

उत्तर-



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

| $x_i$ | $x_1^2$ |
|---|---|
| 3 | 9 |
| 6 | 36 |
| 9 | 81 |
| 12 | 144 |
| 15 | 225 |
| 18 | 324 |
| 21 | 441 |
| 24 | 576 |
| 27 | 729 |
| 30 | 900 |
| $\sum x_i = 165$ | $\sum x_1^2 = 3465$ |

माध्य $x_i = \frac{\sum x_i}{n} = \frac{165}{10} = 16.5$

प्रसरण $= \frac{\sum x_1^2}{n} - \left(\frac{\sum x_i}{n}\right)^2 = \frac{3465}{10} - \left(\frac{165}{10}\right)^2$

$= 346.5 - (16.5)^2 = 346.5 - 272.25 = 74.25$

प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्न में दिय गए आँकड़ों के लिए माध्य व प्रसरण ज्ञात कीजिए।

| $x_i$ | 6 | 10 | 14 | 18 | 24 | 28 | 30 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $f_i$ | 2 | 4 | 7 | 12 | 8 | 4 | 3 |

उत्तर-

| $x_i$ | $f_i$ | $x_1^2$ | $f_i x_i$ | $f_i x_1^2$ |
|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 36 | 12 | 72 |
| 10 | 4 | 100 | 40 | 400 |
| 14 | 7 | 196 | 98 | 1372 |
| 18 | 12 | 324 | 216 | 3888 |
| 24 | 8 | 576 | 192 | 608 |
| 28 | 4 | 784 | 112 | 3136 |
| 30 | 3 | 900 | 90 | 2700 |
| $\sum x_i = 130$ | $\sum f_i = 40$ | | $\sum f_i x_i = 760$ | $\sum f_i x_i^2 = 16176$ |

SHIVOM CLASSES 8696608541

$$\text{माध्य} = \frac{\sum f_i x_i}{\sum f_i} = \frac{760}{40} = 19$$

$$\text{प्रसरण} = \frac{\sum f_i x_i^2}{\sum f_i} - \left(\frac{\sum f_i x_i}{\sum f_i}\right)^2 = \frac{16176}{40} - \left(\frac{760}{40}\right)^2$$

$$= 404.4 - (19)^2 = 404.4 - 361 = 43.4$$

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्न में दिय गए आँकड़ों के लिए माध्य व प्रसरण ज्ञात कीजिए।

| $x_i$ | 92 | 93 | 97 | 98 | 102 | 104 | 109 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
